निबंधन एवं शर्तें

मुख्य परामर्शदाता – टीकाकरण : (एक पद)

राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्रणाली संसाधन केन्द्र (एनएचएसआरसी) नई दिल्ली स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय की ओर से उपर्युक्त पद के लिए पूर्णतया अनुबंध के आधार पर योग्य उम्मीदवारों से आवेदन आमंत्रित करता है।

भूमिकाएं और उत्तरदायित्व:

1. नेमी और पूरक टीकाकरण कवरेज एवं निगरानी आंकड़ों को एकत्र करना, संयोजित करना तथा विश्लेषण करना और राष्ट्रीय व उप राष्ट्रीय स्तरों पर क्रियाकलापों के लिए स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में वरिष्ठ अधिकारियों और राज्य अधिकारियों को सूचना प्रदान करना।
2. वैश्विक टीकाकरण कार्यक्रम (यूआईपी) से संबंधित गतिविधियों को लागू करने के लिए स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय को तकनीकी सहायताप्रदान करना। देश में टीकाकरण कवरेज में सुधारकरने के लिए वेक्सीनों, कार्यक्रम क्रियान्वयन तथा नीति संबंधित मामलों पर तकनीकी दिशानिर्देश और प्रोटोकॉल विकसित करना।
3. नेमी टीकाकरण के आवधिक गहनता के लिए 'मिशन इंद्रधनुष' जैसे टीकाकरण अभियानों की योजना बनाने और क्रियान्वयन के लिए स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय को सहायता प्रदान करना।
4. नई वेक्सीनों की शुरूआत करने के लिए तकनीकी-प्रबंधन क्षमता में स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय को सहायता प्रदान करना।
5. देश के विभिन्न राज्यों में टीकाकरण कार्यक्रम की प्रगति की समीक्षा करना।
6. टीकाकरण कार्यक्रम की योजना बनाने और क्रियान्वयन की निगरानी करने तथा उचित स्तरों पर प्रतिक्रिया देने के लिए क्षेत्रीय दौरे करना।
7. राज्यों और भागीदारों के साथ निगरानी व मूल्यांकन वेक्सीन रसद प्रबंधन, कोल्ड चेन, एईएफआई स्वास्थ्य प्रणाली सुदृढ़ीकरण जैसे यूआईपी के आवंटित घटकों/विषयों की समीक्षा और समन्वयन करने में स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय को सहायता प्रदान करना।
8. वेक्सीन भंडार, कोल्ड चेन रसद और प्रशिक्षण की स्थिति संबंधित निगरानी और समीक्षा प्रणालियां स्थापित करने में स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय को सहायता प्रदाना करना।
9. राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत परियोजना क्रियान्वयन योजना तैयार करने तथा समीक्षा करने में राज्यों को सहायता प्रदान करना।
10. कार्यक्रम के प्रभावी क्रियान्वयन और टीकाकरण कवरेज में सुधार करने में राज्य से संपर्क करना।
11. तकनीकी विशेषज्ञ समितियो की बैठकें आयोजित करना और समन्वयन करना। बैठकों के कार्यवृत्त तैयार करना तथा कार्य मदों पर तत्पश्चात अनुवर्ती कार्रवाई करना।
12. कार्यक्रम के निष्पादन में सुधार करने के लिए भागीदारों और हितधारकों के साथ समन्वयन।
13. पर्यवेक्षक द्वारा सौंपा गया कोई अन्य कार्य।

अर्हताएं :

1. एमबीबीएस स्नातक के साथ-साथ जन स्वास्थ्य या स्वास्थ्य प्रशासन या सामुदायिक स्वास्थ्य या सामुदायिक स्वास्थ्य प्रशासन या निवारणीय एवं सामाजिक चिकित्सा में स्नातकोत्तर डिग्री एवं डिप्लोमा ।
2. न्यूनतम 7 वर्षों से अधिक अनुभव जिसमें से आरसीएच/टीकाकरण संबंधित कार्यक्रमों में 3 वर्ष का संगत अनुभव। राष्ट्रीय स्तर पर आरसीएच/टीकाकरण कार्यक्रम में कार्य कर चुके अभ्यर्थियों को वरीयता दी जाएगी।
3. जन स्वास्थ्य प्रणाली तथा संगत सरकारी नीतियों/कार्यनीतियोंविशेषरूप से राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन और टीकाकरण के क्षेत्र में अनुभव रखने वाले अभ्यर्थी।

4. एमएस वर्ड, एक्सल, पावर प्वॉइट व वेब सर्फिंग जैसे सामान्य रूप से उपयोग किए जाने वाले पैकेजों सहित कंप्यूटर में निपुणता।
5. उत्कृष्ट संचार और प्रस्तुतीकरण कौशल, अंग्रेजी में उत्कृष्ट मौखिक और लिखित संप्रेषण कौशल। हिन्दी का कार्यसाधक ज्ञान भी वांछनीय है।
6. बहु-विषयक दल माहौल में कार्य करने की प्रदर्शन क्षमता।
7. क्षेत्रीय स्तर पर स्वास्थ्य कार्यक्रम प्रचालित करने/जिला स्तरीय स्वास्थ्य प्रणालियों के सुदृढ़ीकरण में कार्य करने का प्रदर्शन अनुभव।
8. तकनीकी सहायता प्रदान करने के लिए राज्यों और जिलों की यात्रा और सौंपे गए कार्यों को समय-सीमा में पूरा करने के लिए एक साथ विभिन्न कार्य करने की क्षमता।
9. उच्च कोटि के प्रकाशित कार्य या विशिष्ट क्षेत्र में संगत कार्यानुभव होने पर औपचारिक शैक्षिक अर्हता, अनुभव और आयु सीमा में छूट दी जा सकती है।

वांछनीय :

1. राष्ट्रीय स्तर पर टीकाकरण के क्षेत्र में 2-3 वर्ष का कार्य अनुभव।
2. देश में नई वेक्सीन की शुरूआत के क्षेत्र में अनुभव।

आयु: आवेदन की अंतिम तिथि को 55 वर्श तथा अत्यधिक फील्ड दौरे करने हेतु अच्छा स्वास्थ्य होना चाहिए।

पारिश्रमिक: प्रतिमाह 1,30,000 रुपए से 1,50,000 रुपये के बीच।

स्थान : नई दिल्ली, राज्यों और जिलों में भ्रमण अपेक्षित हैं।

आवेदन करने के लिए: अभ्यर्थियों से अनुरोध है कि वे एनएचएसआरसी की वेबसाइट पर अपलोड किए गए भर्ती हेतु सूचना के साथ संलग्न आवेदन पत्र को डाउनलोड कर विधिवत भरे हुए आवेदन पत्र को **17-Oct-2017 अपराह्न 4 बजे तक** mohfw.recruitment@gmail.com पर ई–मेल कर दें। किसी अन्य प्रारूप में प्रस्तुत किया गया आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा।